# लूलू समूह यूपी में कृषि और आईटी क्षेत्र में भी करेगा निवेश

## समूह को ग्रेटर नोएडा में 20 एकड़ भूमि आवंटित

लखनऊ। यूएई के लूलू समूह कृषि और आईटी क्षेत्रों में नए निवेश के साथ यूपी में अपनी योजनाओं का विस्तार करेगा। राज्य सरकार ने इस समूह ग्रेटर नोएडा में 20 एकड़ जमीन आवंटित की है। यह समूह अत्याधुनिक कृषि उपज सोर्सिंग, प्रसंस्करण व पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स केंद्र स्थापित करेगा।

लूलू समूह प्रदेश में पहले ही लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। लखनऊ में सबसे बड़े शॉपिंग की स्थापना कर रहा है। नोएडा में नए खाद्य प्रसंस्करण यूनिट स्थापना के बाद दुनिया भर के देशों में विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों का निर्यात किया जा सकेगा। इसके जरिये यूपी उत्तर भारत के कृषि उत्पादन के लिए एक बड़ा बाजार तैयार करेगा।



लखनऊ में बना रहा है सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल

गौरतलब है कि लूलू समूह के पास मध्य पूर्व, मिस्र और सुदूर पूर्व में 197 हाइपर मार्केट और सुपर मार्केट हैं। वर्तमान में यह 3,500 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात करता है। इससे भारत से फलों, सब्जियों और अन्य प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री के निर्यात में निकट भविष्य में और वृद्धि की उम्मीद है।

समूह के अध्यक्ष यूसुफ अली एमए ने कहा, सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी देश में निवेशकों के लिए सबसे अनुकूल राज्य बन गया है। सरकार की मशीनरी का रुख बहुत सहयोगात्मक है और निवेशकों की जरूरतों का हमेशा समर्थन करती है। लखनऊ में लूलू मॉल परियोजना बहुत जल्द पूरी होने वाली है। इससे यूपी और आसपास के राज्यों में 20,000 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार मिलेगा। साथ ही लोगों को विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने निवेश को बहुत आसान और पारदर्शी बनाया है। इसके कारण ही अधिक से अधिक वैश्विक निवेशक और एनआरआई यहां आ रहे हैं। हमारी नई परियोजना निश्चित रूप से देश में कृषि क्षेत्र और किसानों को बढ़ावा देगी। ब्यूरो


प्राधि

सर्वसाधारण क
आवेदकों द्वारा उन

| क्र. सं. | मूल आ का न |
|---|---|
| 1. | स्व० श्री कुमार (मूल किरा |
| 2. | स्व० लक्ष |
| 3. | श्री राम |
| 4. | मो० श (मूल पट्टा |

उपर्युक्त नामा
अन्दर अधोहस्ता
लिखित व्यक्ति क